www.nshealth.ca

2024

# देश के बाहर से आने वाले लोगों के लिए अस्पताल शुल्क

यदि आप कनाडा के निवासी नहीं हैं और आपके पास एक वैध हेल्थ कार्ड नहीं है, तो **आपको अपनी देखभाल के लिए भुगतान करना होगा**।

- कुछ सेवाओं, प्रक्रियाओं और दवाओं की कीमत अधिक हो सकती है।
- **यदि आपको अपना हेल्थ रिकॉर्ड देखने की आवश्यकता है, तो शुल्क भी लागू होगा। फीस अलग-अलग होती है।**
- सभी शुल्क किसी भी समय बदल सकते हैं।

**यदि आप अपनी देखभाल के लिए लागू शुल्क को समझ नहीं पाते/ती हैं**, तो नोवा स्कोशिया स्वास्थ्य (Nova Scotia Health) के वित्त विभाग (Finance Department) को कॉल करें:

> फोन (टॉल-फ्री): 1-844-783-7416

**आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएँ (ईएचएस)**

- यदि आपको ईएचएस एम्बुलेंस सेवाओं की आवश्यकता है, तो आपको सभी शुल्कों का भुगतान करना होगा।
- यदि आपके पास इन शुल्कों के बारे में कोई प्रश्न हैं, तो ईएचएस बिलिंग कार्यालय को कॉल करें:
  > फोन (टॉल-फ्री): 1-888-280-8884

**बीमा**

- **यह समझना महत्वपूर्ण है कि आपका निजी बीमा क्या कवर (भुगतान) करता है और क्या कवर नहीं करता है।**
- अपनी बीमा कंपनी को कॉल करके पता लगाएँ कि कितना कवर किया जाता है। गोपनीयता कानूनों के कारण अस्पताल के कर्मचारी आपकी ओर से ऐसा **नहीं** कर सकते हैं। यह करना आपकी जिम्मेदारी है।
- जब आप पहली बार अस्पताल में भर्ती होते/ती हैं, तो अस्पताल के कर्मचारियों को अपने बीमा द्वारा कवर किए जाने वाले सभी विवरण दें।
- नोवा स्कोशिया स्वास्थ्य (Nova Scotia Health) द्वारा कोई दावा जमा किए जाने से पहले आपकी बीमा कंपनी को भुगतान की गारंटी का प्रमाण देना होगा।
- आपके बीमा द्वारा भुगतान नहीं की गई सभी राशि का भुगतान आपको करना होगा, जिसमें ऐसे मामले भी शामिल हैं जहाँ आपकी बीमा कंपनी दावे के भुगतान से इनकार (अस्वीकार) कर देती है। आप नकद, चेक, डेबिट, वीज़ा, मास्टरकार्ड® या अमेरिकन एक्सप्रेस® (केवल कुछ स्थानों) से भुगतान कर सकते/ती हैं।

आप यहाँ ऑनलाइन भुगतान भी कर सकते/ती हैं:

> **https://payments.nshealth.ca/**

Also available in English: WX85-2393
*Hospital Fees for Out-of-Country Visitors*

**अस्पताल में रहना**

- यदि आपको अस्पताल में रहने की आवश्यकता है, तो आपसे दैनिक शुल्क लिया जाएगा। इस शुल्क के हिस्से में शामिल हैं:
  > भोजन
  > अधिकांश दवाएँ और परीक्षण
  > रक्त जाँचें
  > एक्स-रे

| वॉर्ड का | दैनिक शुल्क |
|---|---:|
| एबरडीन रीजनल | $3,984 |
| एबरडीन रीजनल - आईसीयू | $11,790 |
| केप ब्रेटन रीजनल | $4,425 |
| केप ब्रेटन रीजनल - आईसीयू | $18,159 |
| कॉलचेस्टर ईस्ट हंट्स | $3,468 |
| कॉलचेस्टर ईस्ट हंट्स - आईसीयू | $11,688 |
| कंबरलैंड रीजनल | $3,456 |
| कंबरलैंड रीजनल - आईसीयू | $11,817 |
| डार्टमाउथ जनरल | $3,468 |
| डार्टमाउथ जनरल - आईसीयू | $11,688 |
| ग्लेस बे रीजनल | $3,468 |
| ग्लेस बे रीजनल - आईसीयू | $11,688 |
| क्यूई II (हैलिफैक्स) | $5,136 |
| क्यूई II (हैलिफैक्स) - आईसीयू | $24,138 |
| साउथ शोर रीजनल | $3,468 |
| दक्षिण शोर रीजनल - आईसीयू | $11,688 |
| सेंट मार्था रीजनल | $3,744 |
| सेंट मार्था रीजनल - आईसीयू | $8,880 |
| वैली रीजनल | $3,660 |
| वैली रीजनल – आईसीयू | $14,250 |
| यारमाउथ रीजनल | $3,468 |
| यारमाउथ रीजनल - आईसीयू | $11,688 |
| अन्य सभी सुविधाएँ | $2,373 |

- इस दर में शामिल **नहीं** है:
  > डॉक्टरों की फीस (डॉक्टर द्वारा आपको सीधे बिल किया जाएगा)
  > फोन और टीवी सेवाएँ
  > कुछ परीक्षण और दवाएँ

हम आपके निवेदन के अनुसार आपको कमरा देने की कोशिश करेंगे, लेकिन सेमी-प्राइवेट और प्राइवेट कमरे हमेशा उपलब्ध नहीं रहते हैं।

| पसंद का कमरा | दैनिक शुल्क |
|---|---|
| सेमी-प्राइवेट (अतिरिक्त शुल्क) | $170 |
| प्राइवेट (अतिरिक्त शुल्क) | $210 |

**आउटपेशेंट सेवाएँ**

इनमें से अधिकांश सेवाएँ अस्पताल में उपलब्ध होंगी।
उदाहरण:

| आउटपेशेंट सेवा | शुल्क |
|---|---|
| आपातकालीन या आउटपेशेंट विज़िट | $965 |
| लैब - रक्त (प्रति परीक्षण) | अधिकतम $225 तक |
| लैब - मूत्र (प्रति परीक्षण) | अधिकतम $665 तक |
| लैब - अन्य (प्रति परीक्षण) | अधिकतम $102 तक |
| सामान्य एक्स-रे | $165 |
| सीटी स्कैन | $3,174 |
| डे सर्जरी | $5,283 |
| पीईटी | $7,410 |
| एमआरआई स्कैन | $3,027 |
| सामान्य अल्ट्रासाउंड | $279 |

- **इन शुल्कों में किसी भी समय परिवर्तन हो सकता है।**
- उपरोक्त शुल्कों में डॉक्टर की फीस शामिल **नहीं** है (डॉक्टर द्वारा आपको सीधे बिल किया जाएगा)।

**महत्वपूर्ण:** नोवा स्कोशिया स्वास्थ्य (Nova Scotia Health) आउटपेशेंट सेवाओं के लिए आपकी ओर से आपकी बीमा कंपनी को बिल नहीं भेजता है। **अस्पताल छोड़कर जाने से पहले आपको आउटपेशेंट सेवाओं के लिए अपने बिल का भुगतान करना होगा।**

यदि आप एक अंतरराष्ट्रीय छात्र/छात्रा हैं और आपके पास कॉलेज या विश्वविद्यालय के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा है, तो आपको भुगतान करने की आवश्यकता **नहीं** है।

## देखभाल के अन्य विकल्प

यदि आपके पास स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित प्रश्न हैं, या आपको स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करने की आवश्यकता है और कोई आपातस्थिति **नहीं** है, तो कुछ विकल्प निम्नलिखित हैं:

### 811

- 811 फोनलाइन पर आप स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित अपने प्रश्नों के बारे में किसी पंजीकृत नर्स से बात कर सकते/ती हैं। **वे 125 से भी अधिक भाषाओं में सेवाएँ प्रदान करते हैं, जिसमें फारसी, कैंटोनीज़, फ्रेंच, चीनी और अरबी शामिल है।**
  - > कॉल करने के लिए 8-1-1 डायल करें। आप दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन कॉल कर सकते/ती हैं।

### क्लीनिक

- सामुदायिक फार्मेसी प्राथमिक देखभाल क्लीनिक
  - > आपको इन क्लीनिकों में कुछ प्राथमिक देखभाल सेवाएँ प्राप्त हो सकती हैं। क्लिनिक के स्थान देखने और एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए यहाँ जाएँ:
  - > https://pans.ns.ca/CPPCC
- अन्य प्राथमिक देखभाल क्लीनिक
  - > अन्य प्राथमिक देखभाल क्लीनिकों की खोज करने के लिए ऑनलाइन सर्च करें: “primary care clinic” प्लस "वह शहर, कस्बा या क्षेत्र, जहाँ आप हैं।"

इस पत्रक का उद्देश्य केवल शिक्षा के प्रयोजन से है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता की सलाह या पेशेवर निर्णय की जगह पर लिया जाना नहीं है। यह जानकारी संभावित रूप से सभी स्थितियों में लागू नहीं भी हो सकती है। यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से पूछें।

यह पत्रक और हमारे सभी रोगी संसाधन यहाँ से प्राप्त करें:
https://library.nshealth.ca/Patients-Guides

*इनके द्वारा निर्मित किया गया:* वित्त विभाग (Finance Department)
*इनके द्वारा डिज़ाइन किया गया:* नोवा स्कोशिया स्वास्थ्य पुस्तकालय सेवाएँ (Nova Scotia Health Library Services)

HI85-2415 © June 2024 Nova Scotia Health Authority
To be reviewed June 2025 or sooner, if needed.